# SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

## Special 20 Questions for Current Affairs 25/11/2019

**Q1.** भारत में टोल प्लाजा पर बाधाओं को खत्म करने के लिए दिसम्बर से सभी वाहन मालिकों के लिए क्या अनिवार्य कर दिया गया है?

क. मास्सटैग

ख. जीटैग

ग. एमटैग

घ. फास्टैग

भारत में टोल प्लाजा पर बाधाओं को खत्म करने के लिए दिसम्बर से सभी वाहन मालिकों के लिए फास्टैग अनिवार्य कर दिया गया है. फास्टैगएक इलेक्ट्रॉनिक टोल

कलेक्शन तकनीक है जो की रेडिया फ्रिक्वेंसी आइडेन्टिफिकेशन (आरएफआईडी) के प्रिंसिपल पर काम करती है.

Q2. यूपी राज्य विधि आयोग ने जबरन या धोखे से धर्म परिवर्तन कराने पर कितने वर्ष की सजा का प्रावधान रखा है?

क. 3 वर्ष

ख. 5 वर्ष

ग. 7 वर्ष

घ. 10 वर्ष

यूपी राज्य विधि आयोग ने जबरन या धोखे से धर्म परिवर्तन कराने पर 7 वर्ष की सजा का प्रावधान रखा है. यूपी राज्य विधि आयोग ने कहा है की यदि कोई धर्म परिवर्तन के लिए शादी कर रहा है तो शादी भी अवैध मानी जाएगी और उसे 7 वर्ष की सजा का प्रावधान है.

Q3. निम्न में से किस इंजीनियरिंग और इन्फ्रा सेक्टर कंपनी के सीईओ एस एन सुब्रमण्यन को आईआईएम-जेआरडी टाटा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है?

क. सर्वो

ख. कैस्ट्रोल

ग. लार्सन एंड टूब्रो

घ. पिकअप 500

SarkariExam.com

इंजीनियरिंग और इन्फ्रा सेक्टर कंपनी लार्सन एंड टूब्रो के सीईओ एस एन सुब्रमण्यन को आईआईएम-जेआरडी टाटा अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है. उन्हें यह पुरस्कार धातुकर्म इंडस्ट्रीज में उत्कृष्ट कॉर्पोरेट लीडरशिप के लिए दिया गया है.

Q4. इनमे से किस राज्य के 52 साल में पहली बार 5 साल कार्यकाल पूरा करने के बाद कोई दोबारा मुख्यमंत्री बना है?

क. केरल

ख. महाराष्ट्र

ग. गुजरात

घ. दिल्ली

महाराष्ट्र राज्य के 52 साल में पहली बार 5 साल कार्यकाल पूरा करने के बाद कोई दोबारा मुख्यमंत्री बना है हाल ही में देवेंद्र फडणवीस दोबारा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री बने है वे के 28वें मुख्यमंत्री बने हैं. उनके साथ राकांपा के नेता और शरद पवार के भतीजे अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली है.

Q5. भारत के किस मुक्केबाज ने प्रोफेशनल मुक्केबाजी में लगातार 12वीं जीत दर्ज की है?

क. शिव थापा

ख. अमित पंघाल

ग. विजेंदर सिंह

घ. विकास कृष्ण यादव

SarkariExam.com

भारत के स्टार मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने प्रोफेशनल मुक्केबाजी में लगातार 12वीं जीत दर्ज की है. उन्होंने घाना के पूर्व कॉमनवेल्थ चैंपियन चार्ल्स अदामू को हराकर लगातार 12वीं जीत दर्ज की है. विजेंदर सिंह 4 साल से हारे नहीं हैं.

Q6. निम्न में कौन से देश की क्रिकेट टीम एक ही मैच में दो सब्स्टिट्यूट लेने वाली पहली टीम बन गयी है?

क. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

ख. जिम्बाबे क्रिकेट टीम

ग. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

घ. बांग्लादेश क्रिकेट टीम

बांग्लादेश क्रिकेट टीम एक ही मैच में दो सब्स्टिट्यूट लेने वाली पहली टीम बन गयी है. आईसीसी के नए नियम के तहत दो सब्स्टिट्यूट फील्डर मैदान में उतार सकते है. इस वर्ष अगस्त महीने में आईसीसी ने यह नियम लागू किया था.

Q7. पूंजी बाजार में गतिविधियां बढ़ने से किस म्यूचुअल फंड कंपनी की कुल संपत्ति बढ़कर 2,700 करोड़ रुपये से ऊपर निकल गई है?

क. पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड कंपनी

ख. एलआईसी म्यूचुअल फंड कंपनी

ग. एसबीआई म्यूचुअल फंड कंपनी

घ. 5 पैसा म्यूचुअल फंड कंपनी

SarkariExam.Com

हाल ही में पूंजी बाजार में गतिविधियां बढ़ने से पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड कंपनी की कुल संपत्ति बढ़कर 2,700 करोड़ रुपये से ऊपर निकल गई है. पीपीएफएएस ने 6 वर्ष करीब साढ़े छह साल पहले कारोबार शुरु किया था.

Q8. शॉटगन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मानवादित्य सिंह राठौड़ ने कितने गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता है?

क. 1 गोल्ड

ख. 2 गोल्ड

ग. 3 गोल्ड

घ. 4 गोल्ड

शॉटगन राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मानवादित्य सिंह राठौड़ ने 2 गोल्ड और एक सिल्वर मेडल जीता है. साथ ही उन्होंने जूनियर वर्ग में व्यक्तिगत स्पर्धा में अपना पहला गोल्ड मेडल जीता है. उन्होंने 45-44 से जीत हासिल कर पहला राष्ट्रीय खिताब जीता है.

Q9. भारतीय घुड़सवार फवाद मिर्जा ने क्वॉलिफायर्स में कौन सा स्थान हासिल करके घुड़सवारी में ओलिंपिक कोटा हासिल कर लिया है?

क. पहला

ख. दूसरा

ग. तीसरा

घ. चौथा

SarkariExam.Com

भारतीय घुड़सवार फवाद मिर्जा ने क्वॉलिफायर्स में पहला स्थान हासिल करके घुड़सवारी में ओलिंपिक कोटा हासिल कर लिया है. वे इस माह के यूरोपीय स्तर खत्म होने के बाद दक्षिण पूर्व एशिया, ओसियाना ग्रुप जी के व्यक्तिगत स्पर्धा में शीर्ष रैंकिंग के घुड़सवार हैं.

Q10. टेस्ट क्रिकेट में कप्तान के तौर विराट कोहली सबसे तेज कितने हजार रन बनाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं?

क. दो हजार

ख. तीन हजार

ग. चार हजार

घ. पांच हजार

टेस्ट क्रिकेट में कप्तान के तौर विराट कोहली सबसे तेज 5000 रन बनाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं. उन्होंने हाल ही में बांग्लादेश के खिलाड़ टेस्ट मैच में 32 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की. साथ ही वे पहले एतिहासिक डे-नाइट टेस्ट क्रिकेट मैच में कप्तानी करने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बने है.

Q11. सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी पर अगले कितने वर्ष में सेबी ने 500 करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की है?

क. 5 वर्ष

ख. 10 वर्ष

ग. 15 वर्ष

SarkariExam.Com

घ. 20 वर्ष

सूचना प्रौद्योगिकी यानी आईटी पर अगले 5 वर्ष में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 500 करोड़ रुपये खर्च करने की घोषणा की है. न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सेबी इन 5 वर्षों में निजी क्लाउड सर्विस पर ज्यादा ध्यान देगा.

Q12. हाल ही में किस राज्य सरकार ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है?

क. पंजाब सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. महाराष्ट्र सरकार

घ. केरल सरकार

केरल सरकार ने हाल ही में सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है. सिंगल यूज प्लास्टिक में एक बार उपयोग किए जाने वाले प्लास्टिक, जैसे पानी की बोतलें एवं दूध के पैकेट आदि आते हैं.

Q13. इनमे से किस राज्य सरकार ने पंजीकृत प्रदेश की सभी फैक्ट्रियों में महिलाओं को "नाइट शिफ्ट" में काम करने के लिए मंजूरी दे दी है?

क. दिल्ली सरकार

ख. महाराष्ट्र सरकार

ग. कर्नाटक सरकार

घ. बिहार सरकार

SarkariExam.Com

कर्नाटक सरकार ने हाल ही में कारखाना अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत राज्य की सभी फैक्ट्रियों में महिलाओं को "नाइट शिफ्ट" में काम करने के लिए मंजूरी दे दी है. अब से महिलाए नाईट शिफ्ट में शाम 7 बजे से सुबह 6 बजे तक काम कर सकेंगी.

Q14. आंध्र प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए किसके साथ समझौता किया है?

क. आईआईटी दिल्ली

ख. आईआईटी मद्रास

ग. आईआईएम-अहमदाबाद

घ. आईआईएम-दिल्ली

आंध्र प्रदेश सरकार ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए आईआईएम-अहमदाबाद के साथ समझौता किया है. इस समझोते के मुताबिक, संस्थान प्रशासन के सभी स्तरों पर भ्रष्टाचार को चिन्हित करने के लिए अध्ययन किया जायेगा.

Q15. 25 नवम्बर को विश्वभर में कौन सा दिवस मनाया जाता है?

क. विश्व मांसाहार रहित दिवस

ख. विश्व महिला सुरक्षा दिवस

ग. विश्व डाक दिवस

घ. विश्व शिशु सुरक्षा दिवस

SarkariExam.Com

25 नवम्बर को विश्वभर में विश्व मांसाहार रहित दिवस मनाया जाता है. इस दिवस का मुख्य उद्देश्य जानवरों के प्रति हिंसा के बर्ताव के प्रति संवेदनशीलता लाना और देश के लोगो को शाकाहार के प्रति प्रेरित करना है.

Q16. हाल ही में किसके द्वारा जारी की गयी रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने वाली महिलाओं की संख्या 2 वर्ष में दोगुनी हुई है?

क. एलआईसी

ख. आईआरडीए

ग. सेबी

घ. पॉलिसी बाजार

हाल ही में पॉलिसी बाजार के द्वारा जारी की गयी रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हेल्थ इंश्योरेंस खरीदने वाली महिलाओं की संख्या 2 वर्ष में दोगुनी हुई है. वित्त वर्ष 2018-19 मेंहेल्थ इंश्योरेंस खरीदने वालों में महिलाओं की संख्या 19% हो गयी है जबकि 2016-17 में सिर्फ 9% थी.

Q17. भारत के किस राज्य के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री कैलाश जोशी का हाल ही में निधन हो गया है?

क. उत्तर प्रदेश

ख. मध्य प्रदेश

ग. गुजरात

घ. उत्तराखंड

SarkariExam.com

भारत के मध्य प्रदेश राज्य के पहले गैर-कांग्रेसी मुख्यमंत्री कैलाश जोशी का हाल ही में 91 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है. वे पिछले 3 वर्षो से बीमार थे. उनका जन्म 14 जुलाई 1929 को देवास जिले की हाटपीपल्या तहसील में हुआ था.

Q18. भारतीय क्रिकेट टीम लगातार सातवीं पारी घोषित करने वाली दुनिया की कौन सी टीम बन गयी है?

क. पहली

ख. दूसरी

ग. तीसरी

घ. चौथी

भारतीय क्रिकेट टीम लगातार सातवीं पारी घोषित करने वाली दुनिया की पहली टीम बन गयी है. टीम इंडिया में बांग्लादेश के खिलाफ डे-नाइट टेस्ट में 347/9 पर अपनी पहली पारी घोषित की. जबकि इससे पहले इंग्लैंड टीम ने वर्ष 2009 में लगातार 6 पारी घोषित की थीं.

Q19. निम्न में से किस क्रिकेट टीम के बीजे वाटलिंग टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले देश के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए है?

क. पाकिस्तान क्रिकेट टीम

ख. ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम

ग. साउथ अफ्रीका क्रिकेट टीम

घ. न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम

SarkariExam.com

न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज बीजे वाटलिंग टेस्ट में दोहरा शतक लगाने वाले देश के पहले विकेटकीपर बल्लेबाज बन गए है. उन्होंने ओवल में टेस्ट में 24 चौके और एक छक्का लगाकर 205 रन बनाते हुए यह उपलब्धि हासिल की.

Q20. भारत के राजधानी दिल्ली के वायु प्रदूषण से निपटने के लिए भारत और किस देश के वैज्ञानिकों के बीच समझौता हुआ है?

क. जापान

ख. ब्रिटेन

ग. ऑस्ट्रेलिया

घ. सऊदी अरब

भारत के राजधानी दिल्ली के वायु प्रदूषण से निपटने के लिए भारत और ब्रिटेन के वैज्ञानिकों के बीच समझौता हुआ है. मैनचेस्टर विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने कहा है की दिल्ली में वायु प्रदूषण कई कारकों से जुड़ा हुआ है जिसमे भारी ट्रैफिक, अपशिष्ट पर्दाथों को जलाना और मॉनसून से पहले धूल भरी हवा का चलना मुख्य है.

SarkariExam.Com